# राजस्व मंत्री ने किया राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ का विमोचन

## चर्चा में क्यों?

4 दिसंबर, 2022 को प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने कोरबा निवास पर वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार दुबे द्वारा लिखित राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ का विमोचन किया।

## प्रमुख बिंदु

- लगभग 1100 पृष्ठों के इस ग्रंथ में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद लोक हित में भू-राजस्व संहिता में जितने संशोधन किये गए हैं तथा इन संशोधनों के प्रवर्तन के लिये राज्य सरकार द्वारा शासकीय परिपत्रों के माध्यम से जो दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं, उन सभी का समावेश किया गया है।
- राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ के लोकार्पण अवसर पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि इस ग्रंथ में राजस्व संबंधी सभी संदर्भों का समावेश होने से राजस्व प्रकरणों के संबंध में यह ग्रंथ मार्गदर्शक की भूमिका अदा करते हुए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। इस ग्रंथ से राजस्व न्यायालयों और अधिवक्ताओं को बहुत सहायता मिलेगी।
- राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ के लेखक विजय कुमार दुबे ने बताया कि ग्रंथ में राजस्व संबंधी मामलों के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी किये गए अद्यतन परिपत्रों तक को समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह ग्रंथ राजस्व संबंधी प्रकरणों के निपटान में एक संदर्भ पुस्तक के रूप में सर्व संबंधित के लिये बहुत उपयोगी साबित होगा।
- विजय कुमार दुबे ने बताया कि उनके द्वारा लिखित अनेक पुस्तकों में से यह चौथी पुस्तक है, जिसका विमोचन राजस्व मंत्री द्वारा किया गया है। इससे पूर्व तीन अन्य पुस्तकों का विमोचन विगत वर्षों में राजस्व मंत्री द्वारा किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/revenue-book-circular-book